आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...


● वर्ष- 15 अंक-116 कटनी ● शनिवार, 29 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -3 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

### वैक्सीन सप्लाई का हो कैग ऑडिट-चिदंबरम



देश में कोरोना वायरस की दूसरी भले ही धीमी पड़ गई हो लेकिन वैक्सीन को लेकर आ रहे नए-नए बयान चिंताजनक हैं। हाल ही में भारत बायोटेक कंपनी ने कहा कि वैक्सीन की सप्लाई और उत्पादन की प्रक्रिया जटिल है, इसलिए कोवैक्सीन की किल्लत देखी जा रही है। इस पर कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने वैक्सीन सप्लाई का कैग ऑडिट करने की सलाह दी है। पी चिदंबरम ने ट्वीट कर लिखा कि लापता टीकेका रहस्य हर दिन गहराता जा रहा है।

### आईपीएल के बाकी मैच यूएई में



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की विशेष आम सभा (एसजीएम) में निर्णय लिया गया है कि आईपीएल-2021 के बाकी बचे मैचों का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में किया जाएगा। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने इसकी जानकारी दी।

# ट्विटर-व्हाटसएप से सरकार आर-पार के मूड में

## ट्विटर इंडिया के चीफ का ट्विट यह बहुत मुश्किल होने वाला है, लेकिन असंभव नहीं

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया और ओटीटी की नई गाइडलाइन के बाद सरकार और टेक कंपनियों के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है। नई गाइडलाइन लागू करने की डेडलाइन खत्म हो गई, लेकिन विवाद खत्म नहीं हुआ। फेसबुक और गूगल जैसी कंपनियों ने नई गाइडलाइन पर रजामंदी दे दी है लेकिन व्हाट्सएप और ट्विटर राजी नहीं हैं। ट्विटर और व्हाट्सएप प्राइवेसी का हवाला देकर नई गाइडलाइन को लागू नहीं कर रहे हैं। सरकार के साथ ट्विटर का विवाद तो लंबे समय से चल रहा है। हाल ही में कंटेंट फिल्टरिंग को लेकर दिल्ली पुलिस ने ट्विटर इंडिया के दिल्ली और गुरुग्राम के दफ्तर का दौरा किया था। इस दौरान ट्विटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष माहेश्वरी से पुलिस ने पूछताछ भी की। अब मनीष माहेश्वरी ने एक फोटो को ट्वीट किया है जिसमें अंग्रेजी में एक स्लोगन लिखा है जिसका हिंदी अनुवाद यह बहुत मुश्किल होने वाला है, लेकिन बहुत मुश्किल का मतलब असंभव नहीं होता है। माहेश्वरी के इस ट्वीट को सोशल मीडिया यूजर्स सरकार के साथ चल रहे विवाद से जोड़कर देख रहे हैं, हालांकि माहेश्वरी ने एक और ट्वीट किया जिसमें उन्होंने पहले वाले ट्वीट को लेकर कहा कि मेरा मतलब बिना इंटरनेट विकेंड का वक्त कैसे काटा जाए। मेरे घर का ब्रॉडबैंड बंद है। नेटफ्लिक्स इंडिया, आपके पास कोई विकल्प है? बता दें कि कुछ दिन पहले ही भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा के एक ट्वीट को ट्विटर ने 'मैनिपुलेटेड मीडिया' बताया था जिसके बाद इसे टूलकिट नाम दिया गया और विवाद इतना बढ़ गया कि दिल्ली पुलिस ने ट्विटर को नोटिस भी जारी किया। इससे पहले केंद्र सरकार ने भी ट्विटर के इस कदम पर आपत्ति जताई थी। ट्विटर ने कहा है कि भारत में बने नियमों में से जिसे हम लागू कर सकते हैं, उसे लागू करने की कोशिश करेंगे, लेकिन हम अभिव्यक्ति की आजादी और पुलिस की धमकाऊ प्रवृत्ति को लेकर चिंतित हैं। हम नियमों को लागू करने के लिए तैयार हैं, लेकिन ये पूरी तरह पारदर्शिता के नियमों के साथ होगा। हम भारत के लोगों के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी सेवाएं भारत में कम्युनिकेशन के लिए प्रभावी जरिया साबित हुई हैं। महामारी के समय ये संबल का जरिया भी बनी है। हम भारत में अपने कर्मचारियों के साथ हुई घटनाओं को लेकर भी परेशान हैं। हम पूरे मामले में भारत सरकार के साथ अपनी बातचीत को जारी रखेंगे।




### एक माह में दूसरा हादसा

# ठाणे में 5 मंजिला इमारत का स्लैब गिरने से 7 की मौत, कई दबे



**मुंबई।** ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में एक पांच मंजिला इमारत का स्लैब गिरने से 7 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इसके अलावा चार से पांच अन्य लोग इसमें फंसे हुए हैं। इस इलाके में एक महीने के भीतर इस तरह की यह दूसरी घटना है। रिजनल डिजास्टर मैनेजमेंट सेल के प्रमुख संतोष कदम ने बताया कि नेहरू चौक पर साई सिद्धि बिल्डिंग की पांचवीं मंजिल का स्लैब गिर गया। अब तक छह शव निकाले जा चुके हैं। चार से पांच लोग अब भी मलबे में फंसे हुए हैं। दमकल सेवा और पुलिस के जवान राहत और बचाव कार्य में लगे हुए हैं।

### क्विक अपडेट



### सपा नेता आजम खान की हालत गंभीर, लगी आक्सीजन

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां की हालत गंभीर है। वह ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। ये जानकारी मेदांता अस्पताल ने दी। आजम खां कोरोना पॉजिटिव हो गए थे जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। बता दें कि हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर ने बताया कि आजम खां के फेफड़ों में फाइब्रोसिस और कैविटी पाए जाने के बाद उनका इससे संबंधित इलाज शुरू कर दिया गया। उनकी स्थिति गंभीर है। इस समय उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है।

### तारक मेहता की बबीता जी फंसी मुश्किल में



**मुंबई।** टीवी का चर्चित शो तारक मेहता का उल्टा चश्मामें बबीता का किरदार निभाने वालीं अभिनेत्री मुनमुन दत्ता पिछले कई दिनों से विवादों में घिरी हुई हैं। कुछ दिनों पहले एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने दलित समुदाय के लिए जातिसूचक शब्द का इस्तेमाल किया था। अब खबर आ रही है कि उनके खिलाफ मुंबई में एफआईआर दर्ज हुई है। इस वीडियो को देखने के बाद लोगों ने उन्हें ट्रोल किया था और उनकी गिरफ्तारी की मांग भी उठी।

### अभिनेत्री युविका पर एफआईआर

**मुंबई।** फिल्म अभिनेत्री युविका चौधरी के खिलाफ हांसी पुलिस ने अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत एक एफआईआर दर्ज की है। अनुसूचित जाति अधिकार मंच के कार्यकर्ता रजत कलसन ने 26 मई को हांसी की पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत को शिकायत की थी कि फिल्म अभिनेत्री युविका चौधरी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है। इसमें अभिनेत्री ने अनुसूचित जाति के लिए अपमानजनक व आपत्तिजनक टिप्पणी की हैं।

### कोरोना की दूसरी लहर की बिदाई तय

# 45 दिन बाद कोरोना के सबसे कम केस



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना की दूसरी लहर तेजी से कमजोर हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटों में कोरोना के 1.73 लाख केस सामने आए हैं। 45 दिन बात यह सबसे कम संख्या है। यह लगातार दूसरा दिन है जब 2 लाख से कम केस सामने आए हैं। देश में एक्टिव मरीजों की संख्या भी 24 घंटों में 1,14,428 घटकर 22,28,724 रह गई है। जानकारों का कहना है कि कोरोना महामारी की दूसरी लहर में जिस तेजी से मामले बढ़े थे, उसी रफ्तार से उनमें कभी भी आ रही है। पिछले 16 दिनों से नए मामलों से ज्यादा मरीज ठीक हो रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय और अन्य स्त्रोतों से मिले आंकड़ों के मुताबिक दूसरी लहर में 15 अप्रैल को दैनिक संक्रमितों का आंकड़ा दो लाख को पार किया था। छह मई को यह सर्वाधिक 4.14 लाख पर पहुंच गया था। हालांकि, 30 अप्रैल को भी चार लाख नए केस मिले थे, लेकिन उसके बाद आंकड़ा चार लाख से नीचे आ गया था। छह मई के बाद से नए मामलों में प्रतिदिन गिरावट आने लगी और 27 मई को दो लाख से कम संक्रमित पाए गए। इस तरह दो लाख से चार लाख मामले पहुंचने में करीब 21 दिन लगे और चार लाख से दो लाख से नीचे मामले आने में भी लगभग इतने ही दिन लगे हैं। शुक्रवार के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में जो 3,440 मौते हुई हैं, उनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में 973 मौतें शामिल हैं। इसके अलावा तमिलनाडु में 468, कर्नाटक में 401, केरल में 194, पंजाब में 176, उत्तर प्रदेश में 154, बंगाल में 145, दिल्ली में 139 और आंध्र प्रदेश में 103 और लोगों की जान भी गई है। तमिलनाडु में कई महीने के बाद स्वस्थ होने वालों की संख्या नए मामलों से ज्यादा रही है। पिछले 24 घंटे में राज्य में 31,079 नए मरीज मिले हैं और 31,255 लोग स्वस्थ हुए हैं।

# देश के कई राज्यों में एक जून से शर्तों के साथ अनलॉक



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर थमने के बाद अब कई राज्यों में जारी लॉकडाउन में ढील देने की तैयारी चल रही है। इसी के तहत 1 जून से अधिकांश राज्यों में सख्त लॉकडाउन के बाद अब ढील दी जा सकती है। फिलहाल दिल्ली, यूपी, महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में कोरोना संक्रमित नए और सक्रिय मामलों में भी कमी दर्ज की गई है।

### दिल्ली की स्थिति में काफी सुधार

दिल्ली में तो 36 फीसदी को पार कर चुका पॉजिटिविटी रेट फिलहाल दो फीसदी के नीचे आ चुका है। ऐसे में 1 जून से सख्त लॉकडाउन से ढील दी जा सकती है। राजधानी दिल्ली में 20 अप्रैल से लॉकडाउन लगा हुआ है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को 31 मई से चरणबद्ध तरीके से लॉकडाउन खोलने के क्रम में सबसे पहले कंस्ट्रक्शन और फैक्ट्रियों की आर्थिक गतिविधियों को फिर से का ऐलान किया है। इधर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा है कि प्रदेश में फिलहाल पाबंदियां जारी रहेंगी और इसे धीरे-धीरे चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को भी कुछ छूट मिल सकती है, जबकि सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की संख्या को मौजूदा स्थिति से 15 फीसदी तक बढ़ा सकते हैं। हालांकि सरकार पहले ही साफ कर चुकी है कि रेस्तरां, मॉल, मल्टीप्लेक्स जैसे प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।

### हरियाणा में नहीं मिलेगी छूट

हरियाणा में लॉकडाउन की वजह से कोरोना के मामलों में लगातार कमी आई है, लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर फिलहाल कोई जोखिम नहीं उठाया चाहते हैं। ऐसे में 24 मई को खत्म हो रहे लॉकडाउन को 31 मई तक के लिए बढ़ा दिया गया था। अब गृहमंत्री अनिल विज ने भी कहा है कि जब तक संक्रमण दर करीब 9 फीसदी है, तब तक लॉकडाउन में कोई छूट नहीं दी जाएगी। उत्तर प्रदेश में भी लॉकडाउन जैसी पाबंदियां 31 मई तक लागू है। 1 जून से उत्तरप्रदेश में लॉकडाउन तो पूरी तरह से नहीं हटेगा हालांकि कुछ ढील दी जा सकती है। कुछ ओद्योगिक इकाईयों को छूट दी जा सकती है।

### मध्यप्रदेश में 1 जून से छूट

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 1 जून से लॉकडाउन में ढील देने का फैसला किया है। फिलहाल राज्य सरकार सिर्फ उन जिलों में लॉकडाउन की सख्तियों को धीरे-धीरे कम कर रही है, जहां कोरोना का पॉजिटिविटी रेट 5 फीसदी से कम है। मप्र के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने गुरुवार ट्वीट दी थी कि प्रदेश में निर्माण कार्य और अन्य कारोबारी गतिविधियों को 1 जून से शुरू किया जाएगा।

### भोपाल में एफसीआइ के रिश्वतखोर क्लर्क के घर से मिली करोड़ों की नकदी




**भोपाल।** फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के रिश्वतखोर क्लर्क किशोर मीणा के घर से करोड़ों रुपये की नकदी सीबीआइ की टीम ने बरामद की है। यहां से सोने और चांदी के जेवर भी जब्त किए गए हैं। जांच की कार्रवाई जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, जब्त की गई नकदी दो करोड़ रुपये से अधिक है। मीणा और एफसीआइ के तीन अधिकारियों को शुक्रवार को गुरुग्राम स्थित सुरक्षा एजेंसी कैप्टन कपूर एंड संस से रिश्वत मांगने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों का कहना है कि एफसीआइ के अधिकारी रिश्वत की रकम क्लर्क के घर पर रखते थे। यहां से एक डायरी भी मिली है, जिसमें रिश्वत लेने की जानकारी दर्ज है। सीबीआइ की कार्रवाई अभी जारी है। सुरक्षा एजेंसी के बिलों के भुगतान के लिए रिश्वत मांगने के मामले में भारतीय खाद्य निगम के भोपाल स्थित कार्यालय के चार अधिकारियों और कर्मचारियों को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गिरफ्तार किया है। सीबीआइ ने इन्हें एक लाख रुपये लेते रंगे हाथों पकड़ा है। सुरक्षा एजेंसी का मुख्यालय गुरुग्राम में है। रिश्वत की राशि नहीं मिलने पर बिलों का भुगतान नहीं किए जाने पर एजेंसी ने सीबीआइ को शिकायत की थी। जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम स्थित सुरक्षा एजेंसी कैप्टन कपूर एंड संस को इस वर्ष जनवरी में गार्ड की तैनाती के लिए 11 लाख 30 हजार रुपये प्रतिमाह पर टेंडर मिला था।

# हिंदू मांग रहे गैर मुस्लिम का दर्जा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के एक हिंदू सांसद ने संसद के निचले सदन में विधेयक पेश कर संविधान में धार्मिक अल्पसंख्यकों का उल्लेख गैर-मुस्लिम% के रूप में करने का अनुरोध किया है। इसका मकसद देश में भेदभाव खत्म करके प्रत्येक नागरिक के लिए समानता और न्याय सुनिश्चित किया जा सके। पाकिस्तान के संविधान में इन्हें अल्पसंख्यक कहा गया है। पाकिस्तान में करीब 90 लाख हिंदू रहते हैं। विपक्षी दल पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सांसद कीसो मल कीआल दास ने नेशनल असेंबली प्रक्रिया एवं कामकाज संचालन नियम, 2007 के नियम 118 के तहत नेशनल असेंबली में गैर-सरकारी विधेयक पेश किया है।

### भेदभाव कम करने के लिए पेश किया प्रस्ताव

संविधान संशोधन अधिनियम, 2021 नामक इस विधेयक का मकसद पाकिस्तानी गैर-मुस्लिमों के खिलाफ भेदभाव खत्म करना है, जिन्हें संविधान में अल्पसंख्यक कहा गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को स्वीकार कर तत्काल प्रभाव से पेश किया जाना चाहिए। सरकार ने विधेयक का विरोध नहीं किया है और मामला संबंधित स्थायी समिति को भेज दिया गया है। सदन की द्विदलीय समिति द्वारा इसकी समीक्षा किए जाने के बाद, इसे मतदान के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। दास ने विधेयक में कहा कि देश की बड़ी आबादी को अल्पसंख्यक घोषित करके उनसे भेदभाव करना संविधान, 1973 की भावना के विरुद्ध है। इस आबादी ने हर क्षेत्र और देश के विकास तथा उज्ज्वल भविष्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# आईएमए ने रामदेव को दी चुनौती, कहा- बताएं किस अस्पताल ने दी इलाज के लिए पतंजलि की दवा

### बाबा रामदेव ने किया था एक टीव्ही शो में दावा



**नई दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने बाबा रामदेव को चुनौती दी है। आईएमए उत्तराखंड ने बाबा रामदेव को पतंजलि की दवाओं से एलोपैथी अस्पतालों में ट्रीटमेंट के बारे में बहस करने के लिए कहा है। बता दें कि बाबा रामदेव ने एक टीवी डिबेट में दावा किया था कि एलोपैथिक अस्पताल भी कोरोना इलाज के लिए पतंजलि की दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। अब उस पर आईएमए उत्तराखंड ने बाबा रामदेव से पूछा है कि उस अस्पताल का नाम बताएं, जहां कोरोना के इलाज के नाम पर पतंजलि की दवाएं दी गईं।

### एलोपैथी तो 200 साल पुराना बच्चा है...

बाबा रामदेव साधकों के साथ प्रतिदिन योग शिविर लगाते हैं। योग शिविर में बाबा रामदेव बीते तीन दिनों से 'ड्रग माफिया का भ्रमजाल बनाम योग, आयुर्वेद और नेचुरोपैथी से रोगों के स्थायी समाधान' मुहिम चला रहे हैं। इस दौरान शुक्रवार को उन्होंने कहा कि एलोपैथी तो 200 साल पुराना बच्चा है। योग और आयुर्वेद से बीमारियों का स्थायी समाधान है। बाबा रामदेव के एलोपैथी विवाद के विरोध में शुक्रवार को युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ के बाहर धरने पर बैठ गए थे। इस दौरान उन्होंने बाबा रामदेव की गिरफ्तारी की मांग की और उनके विरोध में नारेबाजी की।

# इंदौर में बनेगी ब्लैक फंगस की दवा



**इंदौर।** कोरोना के बाद महामारी के रूप में फैल रहे ब्लैक फंगस के उपचार में काम आने वाली दवा पोसाकोनाजोल का उत्पादन अब इंदौर में होगा। एफडीए ने शहर की दवा कंपनी मैकडब्ल्यू हेल्थकेयर को निर्माण लाइसेंस जारी कर दिया है। कच्चे माल की मारामारी के बीच 10 दिन में उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। इस बीच शुक्रवार से फेविपिरावीर (फेबिफ्लू) दवा का उत्पादन इसी कंपनी के प्लांट में शुरू कर दिया है। खास बात ये है कि हैदराबाद जैसे फार्मा हब को इंदौर से फेविपिरावीर की आपूर्ति की जा रही है। पहली बैच का बड़ा हिस्सा हैदराबाद भेजा जा रहा है।अप्रैल-मई में कोरोना की दूसरी लहर का प्रकोप जब चरम पर था तो इंदौर समेत पूरे प्रदेश में फेबिफ्लू के नाम से पहचानी जाने वाली दवा फेविपिरावीर को लेकर खासी मारामारी मची थी। इन गोलियों को पाने के लिए थोक दवा बाजार में दुकानदारों की लाइन लग गई थी, जबकि मरीजों के लिए परिवार वालों को ऊंची कीमत देकर ब्लैक में गोलियां खरीदना पड़ी थी।

### यहां राहत की खबर

जबलपुर में ब्रांकोस्कोपी को भी एंडोस्कोपी की तर्ज पर उपयोग में लाया जा रहा है। मेडिकल में ब्लैक फंगस के पांच नए मरीज भर्ती किए गए। 53 मरीज स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं। अब तक आठ मरीजों को जान गंवानी पड़ी है। जान गंवाने वाले मरीज विलंब से अस्पताल पहुंचे थे। उनकी जान बचाने के लिए चिकित्सकों को ऑपरेशन का भी समय नहीं मिला। वर्तमान में मेडिकल में भर्ती ब्लैक फंगस के 123 मरीजों में दो कोरोना वायरस से भी संक्रमित हैं।

# हम 7 साल से देख रहे 15 लाख की राह- महुआ



**कोलकाता।** ममता बनर्जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच तनातनी थमने का नाम नहीं ले रही है। चक्रवात यास से हुई तबाही का जायजा लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को बंगाल पहुंचेए जहां ममता बनर्जी पीएम की रिव्यू मीटिंग में आधा घंटे की देरी से पहुंचीं। इसके बाद बंगाल के मुख्य सचिव अलपन बंदोपाध्याय को केंद्र ने दिल्ली बुला लिया। इस मामले को लेकर भाजपा और तृणमूल नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ने पीएम पर तंज कसते हुए कहा कि 15 लाख के लिए 7 साल से वेट कर रहे हैं, थोड़ा आप भी करें। वहीं अब इस मामले में कांग्रेस पार्टी भी कूद गई है। बैठक में ममता बनर्जी के देरी से पहुंचने की वजह से मच रहे हंगामे को लेकर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने तंज कसा। महुआ मोइत्रा ने ट्वीट कर लिखा 30 मिनट की कथित देरी पर इतना हंगामा हम तो 7 साल से इंतजार कर रहे।




# छात्र ने बनाया एक्सरे सेतु, व्हाट्सएप पर कोरोना सहित 14 बीमारियों की जांच

**वेब डेस्क।** आईआईटी के एक पूर्व छात्र ने कोरोना की जांच के लिए एक्सरे सेतु बनाया है। इसकी मदद से आप घर बैठे अपनी कोरोना रिपोर्ट पा सकते हैं। आपको अपनी एक्सरे रिपोर्ट व्हाट्सएप के जरिए 8046163838 नंबर पर भेजनी होगी और आधे घंटे के अंदर आपकी पूरी रिपोर्ट आपके सामने होगी। इसके जरिए कोरोना सहित कुल 14 बीमारियों की जांच की जा सकती है। कोरोना रिपोर्ट देने के साथ-साथ यह चैट बॉट यह भी बताता है कि फेफड़ों में कितना संक्रमण है, वह कितना संवेदनशील है और मरीज की स्थिति कैसी है। आइआइटी के एनवायर्नमेंट इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट से एमटेक के पूर्व छात्र रहे उमाकांत सोनी ने इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस, एआइ रोबोटिक्स टेक्नोलाजी पार्क और निरामय हेल्थ के साथ मिलकर यह चैट बॉट विकसित किया है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल किया गया है। एक्सरे सेतु से तीन सौ डाक्टर जुड़े हैं।

### सिर्फ आधे घंटे में मिल जाएगी पूरी जानकारी

कोरोना संक्रमण की जांच में आरटीपीसीआर रिपोर्ट आने में काफी समय लग जाता है। वहीं, रैपिड टेस्ट की विश्वसनीयता पर ज्यादा भरोसा नहीं किया जा सकता। टेस्ट का सही नतीजा नहीं पता चलने से ठीक से इलाज नहीं हो पाता और मरीज की हालत खराब हो जाती है। कई बार तो जिंदगी खतरे में पड़ जाती है। वहीं, सीटी स्कैन काफी महंगा पड़ता है और आम इंसान जल्दी सीटी स्कैन नहीं करा पाता। एक्सरे सेतु इन लोगों का मददगार बनेगा। व्हाट्सएप के जरिए एक्सरे रिपोर्ट भेजने के आधे घंटे में आपको संक्रमण के बारे में पूरी जानकारी मिल जाएगी।




इस चैटबॉट को विकसित करने में एक साल का समय लगा। शुरुआत में रिसर्च के लिए कोविड पॉजिटिव एक्स-रे नहीं मिल रहे थे। यह सबसे बड़ी चुनौती थी। इस समस्या को दूर करने के लिए एआइ का इस्तेमाल करके एक यूनिक ट्रांसफर लर्निंग फ्रेमवर्क विकसित किया गया। इससे चेस्ट के सामान्य एक्सरे से फेफड़ों के संक्रमण की स्थिति का पता लगाया जा सकता है। यह सिस्टम एक्सरे देखकर तुरंत आउटपुट देता है।कुछ ही मिनट में फेफड़ों व चेस्ट के अलग-अलग भागों में हुए संक्रमण के आधार पर स्कोर देती है। एक्सरे सेतु ने पिछले 10 महीनों में ग्रामीण क्षेत्रों में 300 से अधिक डाक्टरों की मदद की है। एक्सरे सेतु का उपयोग एनालाग और डिजिटल एक्स-रे दोनों के लिए किया जा सकता है। मोबाइल से भेजे गए कम-रेजोल्यूशन छवियों को देखकर भी यह बीमारी बताने में सक्षम है। स्वास्थ्य जांच के लिए किसी भी डाक्टर को बस ट्राई द फ्री एक्सरे सेतु बीटा पर क्लिक करना होगा। इसके बाद प्लेटफार्म व्यक्ति को दूसरे पेज पर ले जाएगा जहां वेब या स्मार्टफोन एप्लीकेशन के जरिये व्हाट्सएप आधारित चैटबाट के साथ जुड़ने का विकल्प चुन सकते हैं।

# लॉकडाउन में बढ़ी इलेक्ट्रानिक गैजेट्स की मांग



## आनलाइन वर्क में काफी मददगार

**कटनी।** कोरोना महामारी ने लोगों की जिंदगी को काफी हद तक प्रभावित किया है। जहां ज्यादातर सरकारी और निजी सेक्टर में नौकरी करने वाले लोगों ने वर्क फ्रॉम होम को अपनाया। वहीं स्कूल और कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए आनलाइन क्लास ही माध्यम बन गया। इसके अलावा दोस्तों और रिश्तेदारों से बातचीत का जरिया भी गैजेट बने। ऐसे कई गैजेट्स हैं जिनकी कोरोना काल में मांग बढ़ी है।

### हेडफोन

वर्क फ्रॉम होम करते समय या आनलाइन क्लास लेते समय, आसपास की आवाजों से परेशानी ना हो, इसमें हेडफोन बड़ी मदद करते हैं। खासकर अब दफ्तरों की मीटिंग भी आनलाइन हो रही हैं। इसमें भी हेडफोन बहुत इस्तेमाल में आते हैं। बेहतर क्वालिटी वाले नॉयस कैंसेलिंग ईयरफोन खरीदना अच्छा निवेश है।

### फिटनेस बैंड

कोरोना महामारी के दौर में लोग अपनी सेहत को लेकर भी जागरूक हुए हैं। अब लोग अपने स्वास्थ्य की ओर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। ऐसे में फिटनेस बैंड की डिमांड बढ़ी है। इससे व्यक्ति अपनी सेहत का भी ध्यान रख सकता है। समय के साथ ही सेहत का ध्यान रखने के लिए यह एक बेहतरीन तोहफा हो सकता है। इसमें कई वर्कआउट मोड भी मिलते हैं। साथ में स्लीप मानिटरिंग सिस्टम, हार्ट रेट मानिटरिंग आदि फीचर्स मिलते है।

### वेबकैम

आजकल अधिकतर लैपटॉप में इन बिल्ट कैमरा मिलता है लेकिन कई ऐसे लैपटॉप हैं। जिनमें वेबकैम नहीं है। अब लोग वर्क फ्रॉम होम कर रहे हैं तो उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेसिंग, आनलाइन मीटिंग के लिए एक अच्छे वेबकैम की जरूरत होती है। ऐसे में कोरोना महामारी के दौर में इस साल वेबकैम की डिमांड भी बढ़ी है। बाजार में ऐसे कई ब्रांड्स हैं जो किफायती और अच्छी क्वालिटी के साथ वेबकैम ऑफर कर रहे हैं।

### पावर बैंक

कोरोना महामारी के दौर में लोग अपना ज्यादातर समय घर में बिताते हैं। ऐसे में स्मार्टफोन का इस्तेमाल बढ़ा है। लोग अपने दोस्तों-रिश्तेदारों से बात करने के लिए भी स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं। आधिकारिक कामों के लिए भी इनका इस्तेमाल बढ़ा है। जनता कर्फ्यू के दौरान स्मार्टफोन का इस्तेमाल बढ़ा है और यही वजह है कि इसके साथ ही पावर बैंक का भी इस्तेमाल बढ़ा है। लोग इसे खरीदना पसंद कर रहे हैं।

# राम जानकी हनुमान वार्ड में बनाया कंटेनमेंट जोन

**कटनी।** कोविड 19 के बढते संक्रमण की रोकथाम एवं सुरक्षा की दृष्टि से निगम सीमान्तर्गत कोविड पॉजीटिव पाये जाने पर उक्त क्षेत्र, भवन




को माईक्रो कंटेनटमेन्ट जोन चिन्हित किये जाकर साफ सफाई, प्रोटोकाल के तहत कचरे का संग्रहण व कीटनाषक दवा के छिड़काव सहित सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल से छिडकाव की कार्यवाही अनवरत जारी है। कोविड संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्रीय उपयंत्रियों से संकलित कर विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार नगर के राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित रोशन नगर में माईक्रो कंटेनमेंट जोन चिन्हित किया जाकर अन्य आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराई गई।

# कलेहरा, झिरिया व अमुवारी पहुंची कैमोर पुलिस






## 90 निर्धन व जरूरतमंदों को बांटा

**कटनी।** पुलिस के द्वारा मिशन संबल के तहत गरीब, निर्धन व जरूरतमंद लोगों को खाघान्न बांटने का सिलसिला लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक मयंक के आदेश पर जिले के सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों की मदद करने में लगे हुए हैं। कैमोर पुलिस शुक्रवार को खाघान्न लेकर थाना क्षेत्र के ग्राम कलेहरा, झिरिया व अमुवारी पहुंची। जहां कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन ने आरक्षक शिव कुमार, अचल व एसीसी ट्रस्ट कैमोर के सीएसआर हेड एनेट विश्वास एवं माइनिंग हेड मनोज शंकर सिंह सहित टीम के साथ मिलकर 90 निर्धन एवं जरूरतमंदों को खाद्यान्न सामग्री वितरित की।

# पांच मिनट बढ़ा सोमनाथ एक्सप्रेस के आने का समय

## रेलवे ने समय सारणी में किया आंशिक संसोधन



**कटनी।** जबलपुर से सोमनाथ के बीच कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 01466 सोमनाथ एक्सप्रेस की समयसारणी में रेलवे ने बदलाव किया है। ट्रेन की संसोधित समय सारणी 31 मई से प्रभावशील रहेगी। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रेन का सिहोर से सोमनाथ के बीच की समय सारणी में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। केवल जबलपुर से संत हिरदाराम नगर के बीच समयसारणी में संशोधित किया गया है। सिहोर से सोमनाथ के बीच इस गाड़ी की समयसारणी यथावत रहेगी।

### संशोधित समय सारीणी

जबलपुर-पूर्व समय प्रस्थान-12:30 बजे
परिवर्तित प्रस्थान समय-प्रस्थान 12:40 बजे
कटनी मुड़वारा-पूर्व समय-13:50-13:55
परिवर्तित समय-13:55-14:00
दमोह-पूर्व समय-15:15-15:20
परिवर्तित समय-15:25-15:30
पथरिया-पूर्व समय-15:43-15:45
परिवर्तित समय-15:53-15:55
सागर-पूर्व समय-16:25-16:30
परिवर्तित समय-16:35-16:40
खुरई-पूर्व समय-17:08-17:10
परिवर्तित समय-17:18-17:20
बीना-पूर्व समय-17:40-17:45
परिवर्तित समय-17:50-17:55
मंडी बामोरा-पूर्व समय-18:02-18:04
परिवर्तित समय-18:12-18:14
गंजबासौदा-पूर्व समय-18:24-18:26
परिवर्तित समय-18:34-18:36
विदिशा-पूर्व समय-18:52-18:54
परिवर्तित समय-19:02-19:04
भोपाल-पूर्व समय-20:00-20:15
परिवर्तित समय-20:05-20:20
संत हिरदाराम नगर-पूर्व समय-20:40-20:42
परिवर्तित समय-20:45-20:47 बजे

# बाकल में कोरोना कर्फ्यू का उल्लंघन, चालानी कार्यवाही





## एसडीएम ने किया उपार्जन केन्द्रों का किया निरीक्षण

**कटनी।** जिले में उपार्जन केन्द्र की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने दिये हैं। उन्होने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को सतत् रुप से खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करने के लिये निर्देशित किया है। इसी के अंतर्गत एसडीएम बलबीर रमन ने शुक्रवार को विभिन्न उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान रीठी, देवगांव उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण श्री रमन ने किया। उन्होने उपार्जन कार्य में संलग्न अमले को उपार्जन कार्य की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। वहीं रीठी में कोविड वेक्सीनेशन सेन्टर का विजिट भी एसडीएम ने किया। ढीमरखेड़ा में एसडीएम सपना त्रिपाठी ने विकासखण्डस्तरीय क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप की बैठक आयोजित की। विजयराघवगढ़ नगर परिषद् में भी एसडीएम प्रिया चन्द्रावत के नेतृत्व में वार्ड स्तरीय क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप की बैठक आयोजित हुई। इसी तरह कोरोना कर्फ्यू का उल्लंघन करने पर बाकल में जैन ट्रेडर्स की दुकान पर दो हजार रुपये की चालानी कार्यवाही भी नायब तहसीलदार द्वारा की गई।

# गहरीकरण और सफाई के बाद अपस्ट्रीम में आया पानी



**कटनी।** जलप्रदाय विभाग के उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्षा पूर्व कटनी नदी की सफाई कराते हुए पेयजल को बैराज तक पहुंचाकर नगर की पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करानें हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। विगत दिवसों से पोकलीन मशीन के माध्यम से कटनी नदी के अपस्ट्रीम में घिनोची स्थित पुल के नीचे के दोनों ओर नदी की सफाई एवं गहरीकरण का का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें नदी से निकली मिट्टी एवं अन्य अपशिष्ट को बाहर कर वाहनों के माध्यम से नदी के घाट से अन्य नजदीकी स्थलों के फेकनें का कार्य त्वरित गति से निरंतर जारी है। अपस्ट्रीम में नदी सफाई होने के कारण नदी का पानी सुगमता से बैराज तक पहुंचाया जा सकेगा तथा वर्षा काल में नदी में पानी के संग्रहरण की क्षमता में सुधार हो सकेगा।

# लोग अपनी जिम्मेदारी स्वयं समझें





## कोरोना गाइडलाइन का करें पालन

**कटनी।** जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में निगम प्रशासन द्वारा रोको-टोको अभियान के माध्यम से कोरोना संक्रमण के प्रसार पर अंकुश लागनें के हर संभव प्रयास किये जा रहे है। नगर में बाहर से आनें वाले नागरिकों के माध्यम से किसी भी तरह से संक्रमण का प्रसार न हो इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा अपनी सहोगी संस्था के सदस्यों के माध्यम से रोजाना नगर के रेल्वे स्टेशन परिसर तथा स्थानीय जनों में जागरूकता हेतु वैक्सीनेशन केन्द्र में रोको - टोको अभियान चलाया जाकर लोगों को संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु आवश्यक सावधानियों को अपनाने की समझाइश दी जाकर संक्रमण के प्रसार पर लगाम लगानें हेतु महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे है। निगम की सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा कटनी मुड़वारा स्टेशन एवं कटनी सॉउथ स्टेशन में रोको-टोको अभियान के माध्यम से सेवाएं प्रदान की जाकर बाहर से आने जाने वाले यात्रियों को संक्रमण से बचनें हेतु मास्क का उपयोग करनें, दूसरों से दो गज की दूरी का पालन करनें तथा साबुन अथवा सेनेटाईजर का उपयोग कर स्वयं को एवं परिवार के सदस्यों को संक्रमण से प्रसार से बचानें की समझाईश दी गई। नगर में संक्रमण न फैल सके। इस हेतु यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जाकर यात्रा संबंधी विवरण भी पंजी में दर्ज किया गया। निगायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा अनवरत रूप से पुरानी कचहरी स्थित वेक्सीनेशन केन्द्र में सेवांए प्रदान की जा रही है। टीकाकरण हेतु केन्द्र में उपस्थित होनें वाले नागरिकों को संबंधित काउन्टर की जानकारी प्रदान कर सोशल डिस्टेडिंग का पालन कराते हुए मास्क की अनिवार्यता के साथ क्रमबद्ध करनें तथा संक्रमण से बचाव हेतु शासन की गाइडलाईन का पालन करनें की सलाह दी जा रही है।

# टीकाकरण कार्य में सहयोग के लिये टीम गठित

## आरआरटी को गठित टीम के सहयोग से टीकाकरण कार्य को प्रभावी बनाने के दिये निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने टीकाकरण को प्रोत्साहन करने की दृष्टि से समस्त आरआरटी को निर्देशित किया है कि वे विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों से अपने स्तर से सहयोग प्राप्त कर टीकाकरण प्रक्रिया को सफ्ल बनायें। इसके साथ ही टीकाकरण के रथ पहुंचने के दौरान प्रत्येक अनुविभाग व तहसील स्तर पर भी प्रभावी कार्य करने के निर्देश कलेक्टर श्री मिश्रा ने जारी किया है। इस संबंध में जारी आदेशा अनुसार टीकाकरण दिवस पर कार्यरत चिकित्सीय टीमों को सहयोग प्रदान करने के लिये भी निर्देशित किया गया है। श्री मिश्रा द्वारा जारी आदेश में कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा टीम का भी गठन किया गया है। जिसमें राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी, पंचायत विभाग के सीईओ जनपद, सचिव और जीआरएस, महिला बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक मेडिकल ऑफीसर, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, जन अभियान परिषद् के प्रस्फुटन समिति के सदस्य, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वसहायता समूहों के सदस्य और ग्राम व ब्लॉक संकट प्रबंध समूह के सदस्य भी इस टीम में शामिल किये गये हैं। टीम में शामिल अधिकारियों, कर्मचारियों को अपने क्षेत्र में आरआर टीम से समन्वय स्थापित कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के दिशा-निर्देशों में दिये गये कार्यों का संपादन करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये हैं। टीम को जागरुकता रथ के रुटचार्ट के अनुसार प्रत्येक गांव में डोर टू डोर जाकर प्रचार प्रसार करने, ग्रामीण क्षेत्रों में 18 से 44 आयुवर्ग के व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन करवाने, टीकाकरण कार्य में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का प्रचार प्रसार करने के लिये निर्देशित किया गया है। साथ ही जिन व्यक्तियों द्वारा टीकाकरण कराया गया है उनके फोटो वीडियो तैयार कर आवश्यक कार्यवाही के लिये भी निर्देशित किया गया है। टीकाकरण करने से एक या दो दिन पूर्व प्लान कर 2-3 ग्राम पंचायतों, ग्रामों, वार्डों को टार्गेट कर प्रचार प्रसार करने, सेशन साईट की तैयारी करने के निर्देश दिये गये हैं, जिससे उनके नजदीकी केन्द्र में टीकाकरण हो सके।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 29 मई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# हेड ऑन जनरेशन तकनीकी से जल रही यात्री बोगियों की बिजली

## इंजन सीधे देगा बोगियों को करंट, डीजल की बचत के साथ वायु प्रदूषण में आएगी कमी





**कटनी।** भारतीय रेल ऊर्जा की बचत के लिए अत्यधिक कार्य कर रही है, जिसमें पश्चिम मध्य रेल भी अहम भूमिका निभा रहा है। अप्रैल 2021 को 100 प्रतिशत विद्युतीकरण के साथ पश्चिम मध्य रेल पहला जोन बन गया था। अतः हेड ऑन जनरेशन तकनीकी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। भारतीय रेल में थ्री फेस के डब्लूएपी-5, डब्लूएपी57 एवं डब्लूएपी-9 इलेक्ट्रिक इंजन बनाये जा रहे है जो कि ओएचई से पेंटोग्राफ के माध्यम से पॉवर सप्लाई ली जाती है। इसमें दो लोकोमोटिव डब्लूएपी-5 एवं डब्लूएपी-7 में कर्षण ट्रांसफार्मर स्थापित होता है। जिससे पॉवर सप्लाई हेड ऑन जनरेशन तकनीकी से प्राप्त होती है। पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्सए नियंत्रण प्रणाली और पॉवर सप्लाई प्रणाली द्वारा उच्च तकनीकी बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी उच्च तकनीक पर आधारित हेड ऑन जनरेशन तकनीकी का उदगम हुआ। जिसका रेलवे में तेजी से उपयोग किया जा रहा है। इस हेड ऑन जनरेशन तकनीक को हॉटेल लोड के नाम से भी जाना जाता है। हेड ऑन जनरेशन तकनीकी में दो चीजें प्रमुख होती है। हेड ऑन जेनरेशन कंप्लाइन्ट लोकोमोटिव और हेड ऑन जनरेशन कंप्लाइन्ट रेक होते है।

### कई ट्रेनों में किया जा रहा नई तकनीकी का उपयोग

पश्चिम मध्य रेल में इलेक्ट्रिक इंजन 63 लोकोमोटिव हेड ऑन जेनरेशन कंप्लाइन्ट लोको तकनीकी के है। 21 हेड ऑन जनरेशन कंप्लाइन्ट रेकों को उपयोग किया जा रहा है। हेड ऑन जनरेशन तकनीक से पॉवर सप्लाई सीधे हेड ऑन जनरेशन कंप्लाइन्ट रेकों में बिजली पहुंच जाती है। इस हेड ऑन जनरेशन तकनीकी का उपयोग गोंडवाना एक्सप्रेस, दयोदय एक्सप्रेस, सोमनाथ एक्सप्रेस एवं श्रीधाम एक्सप्रेस में किया जा रहा है।

### एलएचबी कोच में बिजली आपूर्ति करेगा इंजन

पहले एलएचबी कोचों के रेक को सप्लाई उपलब्ध करवाने के लिए रेक के दोनों तरफ पॉवर जनरेटर कार लगाये जाते थे। जिसमें अत्यधिक डीजल फ्यूल खर्च होता था। अब पॉवर सप्लाई एलएचबी कोचों के रेक को इलेक्ट्रिक इंजन से हेड ऑन जनरेशन तकनीक के माध्यम से उपलब्ध करायी जाती है। जिसके कारण पॉवर जनरेटर कार की आवश्यकता इमरजेंसी में पड़ती है। भविष्य में पॉवर जनरेटर कार के स्थान पर यात्री कोच लगाने का भी विचार किया जा रहा है। जिससे रेलवे राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी और यात्री सुविधाओं में वृद्धि।

### 20 करोड़ रूपए की होगी बचत

पहले पॉवर जनरेटर कार के इंजन को चलाने के लिए अत्यधिक डीजल फ्यूल खर्च होता था लेकिन अब ये खर्च हेड ऑन जनरेशन तकनीक के कारण डीजल की बचत हो गयी। पॉवर जनरेटर कार में अत्यधिक डीजल फ्यूल के उपयोग के कारण वायुमंडल में वायु प्रदूषण अत्यधिक होता था जिससे हानि कारक गैसे उत्पन्न होती थी लेकिन अब इन सब पर भी अंकुश लगा। पहले पॉवर जनरेटर कार के इंजन से अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण होता था जिससे मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था लेकिन अब नहीं। पश्चिम मध्य रेल में गत दो वर्षों में 25 लाख लीटर डीजल फ्यूल बचाकर जहां रुपये 20 करोड़ राजस्व की बचत होगी जो देश के विकास में सहायक सिद्द होगा।



# कोरोना विनाशक रथ संक्रमण को कर रही कमजोर

**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं प्रशासक श्री प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही कोरोना विनाशक रथों एवं मिस्ट गन मशीन से नगर के विभिन्न स्थलों में रोजाना सैनेटाईजेशर्न अभियान चलाया जाकर कोरोना संक्रमण के प्रसार को कमजोर करनें के प्रयास किये जा रहे है। संक्रमण पर काबू पाया जा सके इस हेतु योजनाबद्व तरीके से रोजाना प्रभारियों के निर्देशन में कार्य में जुटे योद्धाओं द्वारा विसंक्रमितिकरण की कार्यवाही प्रातः से शाम तक की जाकर सार्थक परिणाम लानें के प्रयास किये जा रहे है।सैनेटाईजर प्रभारी अभिषेक बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि संक्रमण को समाप्त करनें हेतु रोजाना चलाये जा रहे अभियान के तहत आज प्रातः बाल गंगाघर तिलक वार्ड स्थित इंदिरा नगर गली नंबर 1 एवं 2 के विभिन्न रहवासी क्षेत्रों, इंदिरा नगर चैक पोस्ट ,चाका बायपास चैक पोस्ट, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड स्थित कैलवारा फाटक के पास वाली गली, राम मनोहर लोहिया वार्ड स्थित बाला जी नगर, शिवनगर के विभिन्न स्थलों,बस स्टेण्ड परिसर ,रैन बसैरा ,राजीव गांधी वार्ड रबड फैक्ट्री रोड, रोशन नगर स्थित सरकारी राशन दुकान के पास, रोशन नगर मनोज लाला की डेरी के पास, सेंट एब्राहम स्कूल के पास, झूलेलाल मंदिर परिसर एवं आसपास, फारेस्टर वार्ड काली माता मंदिर के पास, भरत चौक में मेन गली एवं अन्य मार्गो, सुदर्शन बाल मंदिर गली, निषाद गली, मढिया माता गली, मंगलनगर मे पुलिया के पास वाली गली, साउथ स्टेशन पहुंच मार्ग, मेन रोड एवं अन्य स्थलों सहित सायना कोविड केयर सेंटर, बालक छात्रावास राय कॉलोनी, दुर्गा चौक चैक पोस्ट, पुराना जिला न्यायालय कचहरी परिसर वैक्सीनेशन केन्द्र, अंजूमन इस्लामिया स्कूल, कोविड जांच केन्द्र जैन स्कूल, कोविड सहायता केन्द्र जोन क्रमांक -1 ऑडिटोरियम परिसर, जोन क्रमांक-2 खिरहनी आंगनबाडी परिसर, जोन क्रमांक -3 टी.सी.बजान स्कूल परिसर, जोन क्रमांक 4 माधवनगर उपकार्यालय, सरस्वती स्कूल दीनदयाल अन्त्योदय रसोई केन्द्र, साधूराम स्कूल ,कोतवाली थाना ,जिला चिकित्सालय ,मुख्य रेल्वे स्टेशन, मुडवारा रेल्वे स्टेषन परिसर सहित नगर के अन्य स्थलों मे सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव कराया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करनें की कार्यवाही की गई।

# अनलॉक के दौरान फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में लगेंगी फुटकर फल और सब्जी की दुकानें



**कटनी।** कोविड -19 संक्रमण के प्रसार को रोकनें तथा नागरिकों को सुरक्षापूर्वक फल तथा सब्जी की सुविधा मुहैया करानें हेतु जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के बाहरी मैदान, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मैदान तथा माधवनगर उत्कृष्ट विद्यालय के सामनें फुटकर सब्जी एवं फल व्यवसाय हेतु स्थलों का चयन किया है। कलेक्टर एवं प्रशासक श्री प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा चिन्हित फुटकर मंडी स्थलों में सब्जी/फल व्यवसाईयों के बैठनें की सुविधा तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए पूर्ण सुरक्षा के साथ व्यवसाय करनें हेतु फारेस्टर प्लेग्राउण्ड स्थित सब्जी/फल मंडी में लगभग 64 दुकाने, हाउसिंग बोर्ड स्थित मैदान में 25 दुकानें तथा माधवनगर उत्कृष्ट विद्यालय के सामनें लगभग 40 अस्थाई दुकानों हेतु मार्किंग का कार्य कराया जाकर सब्जी/फल दुकानदारों के बैठनें की व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई।

संक्रमण से प्रसार पर नियंत्रण हेतु चिन्हित अस्थाई थोक सब्जी मंडी ट्रांसपोर्टनगर पुरैनी एवं अन्य तीन स्थलों की फुटकर सब्जी मंडी की आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निगम के अमले द्वारा रोजाना प्रातः से निगम द्वारा प्रदान की जानें वाली आवश्यक व्यवस्थांए पूर्ण कराते हुए सब्जी/फल व्यवसाईयों को व्यवस्थित रूप से प्रातः 10 बजे तक कोविड प्रोटोकाल के साथ मंडियों का संचालन कराया जा रहा है। निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों बिलैया तलैया सब्जी मंडी, खिरहनी फाटक ओव्हर ब्रिज के नीचे, महारानी लक्ष्मी बाई चौराहा, सिल्वर टॉकीज रोड, आदि स्थलों का भ्रमण कर निर्धारित स्थलों से ही व्यवसाय करनें तथा आदेश का उल्लंघन करते पाये जानें पर जुर्मानें की कार्यवाही करनें की मुनादी का कार्य कराते हुए संक्रमण से बचाव हेतु फुटकर सब्जी व्यवसाईयों को निर्धारित चिन्हित फुटकर सब्जी/फल मंडी स्थलों से अथवा हांथ ठेलों के माध्यम से विभिन्न वार्डो में घूमकर व्यवसाय करनें की समझाइश दी जा रही है। निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने नगर के थोक एवं फुटकर फल सब्जी विक्रेताओं से नगर के चिन्हित स्थल ट्रोसपोर्ट नगर सहित अन्य तीन स्थलों पर चिन्हित फुटकर सब्जी मंडी से ही अपना व्यवसाय कर संक्रमण के प्रसार को राकेनें में प्रशासन का सहयोग प्रदान की अपील की है।







### जरूरतमंदों को राशन वितरित कर वैक्सीन लगवाने किया प्रेरित

# बगदरा के बाद बुजबुजा पहुंची पुलिस, की मदद

**बरही।** कटनी जिले के अंतिम छोर बगदरा.बगदरी में बसे 50 वनवासियों की मदद करने के बाद बरही पुलिस जरूरतमंदों की मदद के लिए शुक्रवार की रात ग्राम बुजबुजा पहुंची, जहां 50 हरिजन, आदिवासी जरूरतमंद परिवारों को अनाजए राशन सामग्री से भरे राशन वितरित करते हुए बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने अफवाहों के जाल में फंसे ग्रामीणों को जीवन रक्षक वैक्सीन लगवाने प्रेरित करते हुए कहा कि बीमारियों से लड़ने के लिए सभी को हर हाल में टीका लगवाना चाहिए, किसी भी तरह के अफवाह, भृम में न रहे, वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित हैए इसलिए हमने भी लगवाई है।

# 200 से अधिक जुर्माना वसूली होगी प्रशासनिक लूट

## क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी बरही के सदस्यों ने दिया सुझाव,सुबह 8 से शाम 6 बजे तक खुले बाजार



**बरही।** नगर परिषद बरही सभागार में क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कोरोना कर्फ्यू अनलॉक के लिए जिला कलेक्टर के निर्देश पर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित नगर के जनप्रतिनिधिगणए व्यापारीगणए समाजसेवीए पत्रकारो की उपस्थिति में सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक सभी दुकाने खोलनेए होटलए रेस्टोरेंट से पार्सल देनेए रविवार को पूर्णतः लॉक डाउन रखने का प्रस्ताव आया। वही कोरोना कर्फ्यू अनलॉक का उल्लघन करने वालो से 200 रुपए से अधिक जुर्माना न वसूलने का भी प्रस्ताव आया। बैठक में सदस्यों ने कहा कि 200 से अधिक जुर्माना वसूली करना प्रशासनिक लूट का होगी। इन प्रस्तावों को नगर परिषद द्वारा जिला प्रशासन को भेजा गया है। बैठक में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश तिवारीए विधायक प्रतिनिधि पीयूष अग्रवालए राजेन्द्र सोनी बग्घाए बीएमओ डॉ राममणि पटेलए इंजीनियर श्री सोनीए रमेश तोमरए तीरथ रिंकू चौबेए रामलाल वर्मनए वृजेश मिश्राए पत्रकार आनंद सराफए अजय वर्माए रघुनाथ गुप्ताए रामशरण वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### बिना अधिकारियों के हुई बैठक

बैठक में न तो नगर पंचायत की प्रशासक एसडीएम सुश्री प्रिया चंद्रावत रहीं और न हीं कोई जिम्मेदार अन्य अधिकारी। सीएमओ अभयराज सिंह छुट्टी में चल रहे है। बैठक का संचालन इंजीनियर श्री सोनी एवं रमेश तोमर ने संचालित किया। बैठक में यह भी प्रस्ताव दिया गया कि दुकाने खुलने के दौरान व्यापारी मास्क का हर हाल में उपयोग करे साथ ही ग्राहकों को बिना मास्क के दुकानो में प्रवेश न दे। सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए व्यापार करे।

किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति

सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति

पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)

मो. 8109417340

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902

Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

विशेषतायें

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है

SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा

जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# मुख्यमंत्री ने कहा : भवानी बहन नमस्ते, कैसी हो आप

## बाकल की भवानी बाई से किया संवाद, पूछा-पथ विक्रेता योजना का लाभ मिलने में कोई दिक्कत तो नहीं हुई

**कटनी।** भवानी बहन नमस्ते। नमस्ते भैया। कैसी हो आप। अच्छी हूं आपकी कृपा से। मैने जो योजना बनाई थी ग्रामीण पथ विक्रेता योजना, उसका लाभ मिला आपको। हां, मिला। क्या लाभ हुआ। अब 300 से 500 तक बरकत हो रही है। यह संवाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कांफ्रेन्सिं के माध्यम से जिले की बाकल की निवासी भवानी बाई लोधी से किया। अवसर था ग्रामीण पथ विक्रेताओं को अनुदान वितरण एवं हितगाहियों से सीधे संवाद कार्यक्रम का। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के 6 लाख 10 हजार ग्रामीण पथ विक्रेताओं को प्रति हितग्राही 1-1 हजार रूपये के मान से कुल 61 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की। वीसी के माध्यम से जिले से हितग्राही भवानी बाई लोधी के साथ ही विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे सहित एनआरएलएम जिला प्रबंधक शबाना बेगम भी उपस्थित रहीं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान भवानी बाई ने उन्हें मिल रही शासन की अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री ने टीकाकरण के प्रति भवानी को प्रेरित भी किया। मुख्यमंत्री ने पथ विक्रेताओं, दुकानदारों से कहा है कि वे किसी भी ग्राहक को, जिसने मास्क नहीं लगाया है, सामान न दें। स्वयं अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं, दुकान पर साबुन व सेनेटाइजर रखें, ग्राहक दूरी रखें व सामान लें। दुकानदार दुकान के सामने गोले बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 01 जून से धीरे-धीरे काम धंधा चालू होगा। हमें अब दुकान भी चलाना है और कोरोना संक्रमण को भी रोककर रखना है। पूरी सावधानियां रखेंगे तो कोरोना फैलेगा नहीं और समाप्त हो जाएगा।




### आसानी से मिल गया 10-10 हजार ऋण

मुख्यमंत्री ने व्हीसी के माध्यम से ग्रामीण पथ विक्रताओं सीहोर के रजत सेन, गुना से पुरूषोत्तम माली, कटनी से श्रीमती भवानी बाई लोधी तथा छिंदवाड़ा से नेहा करमेले से बातचीत की। सभी ने बताया कि उन्हें योजना में 10-10 हजार रूपये का ब्याज मुक्त ऋण आसानी से प्राप्त हो गया। इससे उन्होंने अपना व्यवसाय किया। रजत सेन चाय नाश्ते की दुकान, पुरूषोत्तम माली सब्जी का ठेला, भवानी बाई चाय की दुकान तथा नेहा करमेले किराने की दुकान चलाती हैं। सभी ने काम-धंधे के लिए 10-10 हजार रूपये के ऋण तथा 1-1 हजार रूपए की सहायता के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री पथ विक्रेता ग्रामीण योजना की हितग्राही भवानी बाई लोधी बहोरीबंद विकासखण्ड के ग्राम बाकल की निवासी है। भवानी बाई बाल के जय बजरंग स्वसहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। वे बाकल बस स्टेण्ड के पास चाय व नाश्ते की दुकान का संचालन करती है। योजना के तहत सेन्ट्रल बैंक ऑफइंडिया से फरवरी 2021 में 10 हजार रुपये का लोन मिला है। जिसकी किश्त वे समय पर बैंक को अदा कर रही है। भवानी बाई के पति पूना में काम करते थे जिससे उनकी आजीविका चलती थी। वर्तमान में लॉकडाउन के कारण व्यवसायिक गतिविधियां बंद हैं।

### बस स्टेंड में शुरू की चाय की दुकान

श्रीमती लोधी ने बताया कि वे हृदय रोग से पीड़ित थी और ऑपरेशन के बाद घर पर रही रहती थी। उनके पति भगवान सिंह लोधी पूना में मशीन ऑपरेटर का काम करते थे। परंतु पिछले साल उन्हें लॉकडाउन के कारण नौकरी छोड़कर गांव आना पड़ा। जिसके बाद आय के स्त्रोत बंद होने से आर्थिक तंगी की परेशानी भी सामने थी। इस दौरान उन्हें समूह के माध्यम से मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना की जानकारी प्राप्त हुई और उन्होने योजना का लाभ लेने के लिये आवेदन किया। फरवरी माह में सीबीआई बाकल की शाखा से 10 हजार रुपये की ब्याज मुक्त राशि उन्हें मिली और उन्होने चाय, नाश्ते की दुकान बस स्टेण्ड में शुरु की। इस दुकान का संचालन भवानी बाई के पति कर रहे हैं। जिसके माध्यम से प्रतिदिन लगभग 300 से 400 रुपये की बचत भी होने लगी है। भवानी ने बताया कि उनके पति अब बाहर ना जाकर घर में रहकर व्यवसाय कर रहे हैं। भवानी बाई को शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी मिला है। जिसमें उन्हें प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना स्वीकृत हुई है और उनके घर का निर्माण कार्य भी चल रहा है। इसके साथ ही बीपीएल राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, शौचालय का लाभ भी उन्हे मिला है। वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा में भवानी ने सुरक्षा बीमा भी कराया है। उनकी सास को भी वृद्धावस्था पेंशन मिल रही है। उज्जवला योजना के तहत गैस का कनेक्शन भी भवानी के घर में उपलब्ध कराया गया है।



# अनलॉक के पहले सब्जी, फल एवं मेडिकल स्टोर्स संचालकों का टीकाकरण होगा

### केसीएस स्कूल में कल 30 मई को लगेगी वैक्सीन

**कटनी।** कोविड-19 संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के साथ टीकाकरण कार्य कराया जा रहा है। अनलॉक के पहले 30 मई रविवार को प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक शहर के सभी सब्जी, फल के फुटकर विक्रेताओं एवं एवं हाथ ठेला व्यवसाईयों तथा मेडिकल स्टोर्स एवं मेडिकोज संचालकों का केसीएस उच्चतर माध्यमिक शाला में कोविड-19 का टीकाकरण किया जा रहा है। टीकाककरण के लिए हेतु मोबाईल नंबर एवं आधार कार्ड की अनिवार्य रूप से लाना होगा। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने टीकाकरण कार्यक्रम के लिए नगर निगम की संपूर्ण व्यवस्थाओं का प्रभारी अधिकारी उपयंत्री एस के गर्ग को नियुक्त किया जाकर व्यवस्थाओं के निर्देश दिए हैं। विद्यालय परिसर में आवश्यकतानुसार कक्ष में फर्नीचर एवं बैठक व्यवस्था का दायित्व प्रभारी प्राचार्य गायत्री सोनी, उपयंत्री मृदुल श्रीवस्तव को सौंपे जाकर टीकाकरण स्थल पर विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, साफ सफाई, टेंट एवं सामियाना, कम्प्यूटर सिस्टम, इंटरनेट, कुर्सी एवं बैठक व्यवस्था हेतु निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व प्रदान किये है। नगर के जिन मेडिकल स्टोर्स एवं मंडिकोज संचालकों सब्जी, फल के फुटकर विक्रेताओं एवं एवं हांथ ठेला व्यवसाईयों, जिन्होंने टीकाकरण नहीं कराया है, उन्हें व्यक्तिगत रूप से सूचित करने तथा मुनादी कराकर टीकाकरण करानें हेतु अतिक्रमण विभाग को निर्देशित किया जाकर मोबाईल के माध्यम से टीकाकरण हेतु सूचित करने, टीकाकरण कार्यक्रम का समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया में प्रचार-प्रसार करनें के निर्देश प्रदान किये गए है। निगमायुक्त ने सब्जी, फल के फुटकर विक्रेताओं एवं हाथ ठेला व्यवसाईयों, मेडिकल स्टोर्स एवं मेडिकोज संचालकों से वैक्सीन लगवाने का आग्रह किया है।

## गर्ल्स कॉलेज में ऑनलाइन क्विज ऑन कोविड मैनेजमेंट

**कटनी।** शासकीय कन्यामहा विद्यालय, कटनी के ईबी एस बी क्लब द्वारा माह मइ में प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरीआयोजित की गयीं। ईबीएसबी क्लब प्रभारी डॉ प्रज्ञा अग्रवाल ने बतायाकि इस ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी-ऑनलाइन क्विज ऑनकोविड-19 मैनेजमेंट का उद्देष्य लोगों को कोविड-19 से बचाव संबंधी जानकारी देना था। जिसमें वैक्सीन, वैक्सीनर जिस्ट्रेशन,सोशल डिसटेंन्सिग एवं हमारे देश में कोविड-19 से जूझने के लियेकियेजारहेउपायों की जानकारी समाहित थी। इस प्रश्नोत्तरी में कटनी, जबलपुर, रीवा ,सतना, सागर, दमोह, शहडोल, डिण्डौरी ,टीकमगढ़, मुलताई, करंजिया एवं भोपाल आदि जगहों से 429 प्रतिभागी सम्मिलित हुये थे। फीड बैक में ज्यादातर लोंगों ने इसे ज्ञानवर्धक,वर्तमान परिदृष्य में प्रासंगिक एवं उपयोगी बताया। प्रतिभगियों ने इस तरह की प्रश्नात्तरी पुनः आयोजित करने हेतु उत्साहित किया। प्रश्नात्तरी के अन्त में प्रतिभगियों ने मास्क पहनने, हाथ धोने, सामाजिक दूरी बनाये रखने एवं वैक्सीनेशन हेतु जाने की शपथ पर टिक लगाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के सदस्य भीम बर्मन, श्रीमती नम्रता निगम एवं सुश्री आरती वर्मा का सहयोग रहा।

# सेवा ही संगठन अभियान-2 के अंतर्गत सेवा में जुटें भाजपा कार्यकर्ता

### 20वें दिन सांसद कोविड सहायता से की गई जरूरतमंदों की मदद

**कटनी।** जिला चिकित्सालय पर सांसद कोविड सहायता केंद्र से भाजपा के कार्यकर्ता प्राणपण से जुटकर सेवा कार्य को करने में जुटे हुए हैं। सेवा ही संगठन अभियान के अंतर्गत निरंतर 20वें दिन कोविड मरीजों को एवं उनके परिजनों की मदद जारी है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के निरंतर मार्गदर्शन में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संकट के इस समय में अपनी हर तरह से सहभागिता निभाने के लिए तैयार है। कोरोना मरीजों और उनके परिजनों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े, उनकी मदद के किये भाजपा कार्यकर्ता सदैव तत्पर है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं के हौसले, जनता के सरकार के प्रति विश्वास और मदद के लिए उठे हाथ से हम कोरोना की जंग में जल्द ही विजय प्राप्त करेंगे। जिला अस्पताल में भोजन वितरण के साथ-साथ मूक पशुओं को भोजन कराया जा रहा है एवं मंदिरों के पुजारियों को भी सूखा राशन का वितरण किया जा रहा है। आज लगातार 20वें दिन को सांसद सहायता केंद्र से मरीजों के परिजनों को भोजन के पैकेट, गर्म पानी, बिस्किट, सादा पानी, मास्क एवं सेनेटाइजर आदि दिए गए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी गौतम, जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, चेतन हिंदुजा, रवि खरे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, सुरेश रोचलानी, केशव मिश्रा, शंकर मोटवानी, ललित जायसवाल, घनश्याम चावला, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, छुट्टू मिश्रा, सुरेंद्र गुप्ता, शैलेन्द्र त्रिपाठी, ललित गुप्ता, शिवम शर्मा, सुनील डोडानी, अहमद बख्श, मयंक गुप्ता, शिवकुमार सोनी, अमन खटीक छोटा बच्चू, संतोष पटेल, देवेंद्र सोनी, सोनू बहरे, मनीष त्रिसोलिया, आशीष मिश्रा, अभिषेक शर्मा, नवीन मोटवानी, नितेश तिवारी, विवेक गुप्ता, विमल साहू, विष्णुशंकर मिश्रा, नाजू खान, दीपक तिवारी, मनोज गोस्वामी, मंगल तिवारी, रुद्र श्रीवास, अमित पिल्लै आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।






## शिवाजी वार्ड व बजरंग कॉलोनी में बनाया माइक्रो कंटेनमेंट जोन

**कटनी।** कोविड - 19 के बढते संक्रमण की रोकथाम एवं सुरक्षा की दृष्टि से निगम सीमान्तर्गत कोविड पॉजीटिव पाये जाने पर उक्त क्षेत्र/भवन को माईक्रो कंटेनटमेन्ट जोन चिन्हित किये जाकर साफ सफाई, प्रोटोकाल के तहत कचरे का संग्रहण व कीटनाषक दवा के छिडकाव सहित सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल से छिडकाव की कार्यवाही अनवरत जारी है। कोविड संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्रीय उपयंत्रियों से संकलित कर विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार आज नगर के विभिन्न वार्डो के दो स्थलों पंडित दीनदयाल वार्ड के एक ही घर के दो संक्रमित मरीजों के भवन तथा शिवाजी वार्ड, बजरंग कॉलोनी स्थित सांई बाबा मंदिर के पास स्थित भवन में माईक्रो कंटेनमेंट जोन चिन्हित किया जाकर अन्य आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराई गई।

# शहर में तेज हुआ सफाई अभियान, बरसात के पहले की जा रही तैयारियां

### जलप्लावन की समस्या से निपटनें जारी नाले नालियों की सफ़ाई का कार्य

कटनी। नगर में किसी भी प्रकार से संक्रामक बीमारी पैर न पसार सके इस हेतु रोजाना नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों की दो पालियों में सफ़ाई का कार्य कराया जा रहा है। जिला कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा व निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देश में कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण के विशेष प्रयास किये जाकर विभिन्न स्थलों में सैनेटाइजेशन अभियान सहित चिन्हित कनटेंमेंट जोन के भवनों से पृथक से कचरे के संग्रहण का कार्य सहित नगर के कोविड केयर केन्द्र, वैक्सीनेशन केन्द्र, कोविड जांच केन्द्र तथा विभिन्न अस्पतालों का मेडिकल वेस्ट का प्रोटोकाल के तहत निस्तारण कराया जा रहा है।






### मुख्य मार्गो सहित अन्य गलियों में की जा रही रोजाना सफाई

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम प्रशासन द्वारा रात्रिकालीन सफ़ाई व्यवस्था के माध्यम से नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्य मार्गो की सफ़ाई के साथ ही प्रातः कालीन सफ़ाई व्यवस्था द्वारा आज प्रातः नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों ट्रॉसपोर्टनगर सब्जी मंडी सहित अन्य सब्जी फ्ल विक्रय स्थलों, इंदिरा नगर, बस स्टेण्ड परिसर, मिशन चैक मुख्य मार्ग, कोतवाली तिराहा, फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में झाडियों की कटाई, कावस जी वार्ड भीमराव चैक से विवेकानंद चैक तक मुख्य मार्ग, नदीपार स्थित गौशाला के पास मुख्य मार्ग एवं माधवनगर गेट के पास के डिवाईडरों की सफाई, का कार्य कराया जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया।

### संक्रमण से बचाव हेतु प्रोटोकॉल के साथ किया जा रहा कचरे का निस्तारण

कारोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु आज प्रातः नगर के विभिन्न चिकित्सालयों एम.जी.एम हास्पिटल, श्री हास्पिटल, बाबा माधवशाह हास्पिटल, जीवन ज्योति हास्पिटल, सायना कोविड केयर सेंटर, सहित नगर के चिन्हित माईक्रो कंटेनमेंट जोन/ संक्रमित स्थलों से बायोमेडिकल वेस्ट/कचरे के उठाव का कार्य पृथक वाहनों के माध्यम से कोविडं प्रोटोकाल के साथ किया जाकर कचरे का उचित निस्तारण किया गया। नगर की सुचारू सफ़ाई व्यवस्था हेतु वीर सावरकर वार्ड स्थित गोकुलघाम कॉलोनी, सी.एल.पी पाठक वार्ड के विभिन्न स्थलों जयप्रकाश वार्ड स्थित आदर्श कॉलोनी सहित नगर के अन्य वार्डो में डोर टू डोर कचरे के संग्रहरण का कार्य किया गया।

### जलप्लावन की समस्या से निपटनें वर्षा पूर्व की जा रही नाले-नालियों की सफ़ाई

नगर के मुख्य मार्गो में वर्षा ऋतु में नगर के नाले एवं नालियों के माध्यम वर्षा जल का भराव न हो इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता गेंग के माध्यम से नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो के नाले व नालियों की सफ़ाई का कार्य युद्धस्तर से कराया जा रहा है। आज प्रातः चांडक चैक ढलान में मोहन यादव के घर के पास के बडे नाले की सफ़ाई, कावस जी वार्ड शमशान भूमि सुलभ काम्पलेक्स के बगल वाले नाले एवं पुरानी कलारी के पास मंजू वंशकार के घर के सामनें वाले नाले, मदनमोहन चैबे वार्ड स्थित बरगवां मुख्य मार्ग का नाला, बाबा नरायण शाह वार्ड स्थित पुराने गुरूद्वारे के पास स्थित नाले, हेमू कालानी वार्ड एम.ई.एस कॉलोनी बबलू तिवारी के घर के बाजू वाले नाले, शांतिनगर के बडे नाले सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफ़ाई का कार्य कराया गया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/- |
| 3 दिन | – | 250/- |
| 7 दिन | – | 500/- |
| 15 दिन | – | 1200/- |
| 30 दिन | – | 1800/- |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोनः- 07622-230033

Email :- katni@yashbharat.com





# अनलॉक के बाद संक्रमण न फैले, इस पर रहे फोकस

## दुकानें खुलने के समय को लेकर व्यापारियों की अलग-अलग राय : प्रशासन को दिए सुझाव



यश भारत बातचीत

**कटनी।** कोरोना संक्रमण में कमी आने के बाद अब लगभग यह तय हो गया है कि अगले कुछ दिनों में बाजार अनलॉक हो जाएगा। अनलॉक के दौरान किन ट्रेड को छूट मिलेगी और किन पर प्रतिबंध होगा, इसको लेकर प्रशासन राज्य सरकार की गाइडलाइन का इंतजार कर रहा है। सरकार की गाइडलाइन जारी होने के बाद ही इसका खुलासा होगा। प्रशासन भी अनलॉक के पहले व्यापारियों, दुकानदारों और आम नागरिकों से सुझाव मांग रहा है। शहर के ज्यादातर व्यापारियों की राय है कि बाजार को कम समय की बजाए ज्यादा समय के लिए खोला जाए। इससे लोगों को जरूरत की वस्तुएं खरीदने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। व्यापारियों ने इसके लिए गुजरात और पंजाब फार्मूल को लागू करने की भी बात कही है। यदि सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक बाजार खोला जाता है तो इससे न तो व्यापारियों को परेशानी होगी और न ही लोगों को। प्रशासन से अपेक्षा की गई है कि अनलॉक के पहले प्रत्येक बिन्दुओं पर विस्तार से विचार किया जाए। इसके बाद ही गाइडलाइन की जारी जाए। कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन कराया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही की जाए।

### अनलॉक की रुपरेखा तैयार करने एसडीएम तैनात

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले के समस्त अनुविभागों के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को कोरोना कर्फ्यू समाप्त होने के बाद क्षेत्र अनलॉक करने के लिए रुपरेखा बनाए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। जिसके तहत समस्त अनुविभाग अधिकारी राजस्व व इंसीडेन्ट कमाण्डर को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र के अंतर्गत जनपद पंचायत ब्लॉक स्तर में अनलॉक प्रक्रिया के संबंध में बैठक आयोजित करें। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि ग्रामस्तरीय क्राईसिस मैनेजमेन्ट समिति की बैठक का आयोजन किया जा चुका हो तथा ग्रामवार निर्धारित गूगल फॉर्म में आवश्यक जानकारी भी समय सीमा के पूर्व संकलित कर अपनी अनुशंसा सहित भिजवाएं।

### सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक खुले दुकानें

अनलॉक के लिए जिला प्रशासन को हर बिन्दु पर विस्तार से चर्चा करना चाहिए। यदि बाजार खोलने के लिए समय कम दिया जाता है तो बाजारों में खरीददारी करने के लिए ज्यादा लोगों की भीड़ उमड़ेगी। इसलिए सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक बाजार खोलना चाहिए। दुकानें अधिक समय के लिए खुलेंगी तो भीड़ भी कम होगी, इससे संक्रमण का खतरा कम रहेगा। इसके अलावा लोगों को भी यह समझना होगा कि डेढ़ महीने से ज्यादा समय तक शहर लॉक रहा है, इसलिए अनलॉक होने के बाद नियमों का पालन किया जाए।

**-विजय ताम्रकार,** व्यवसायी

### सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक खुले बाजार

संक्रमण दर में कमी आने के बाद अनलॉक के लिए जिला प्रशासन को योजना बनाकर कार्य करना चाहिए। इसमें प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों की एक टीम बनाकर व्यापारियों से भी चर्चा करना चाहिए। इसके लिए व्यापारियों की एक बैठक भी ली जाना चाहिए। बैठक में हुए निर्णयों का सख्ती से पालन कराना चाहिए। शहर के खोली पड़े मैदानों में सोशल डिस्टेसिंग के साथ दुकानें लगवाना चाहिए। एक ही स्थान पर यदि सब्जी मंडी होगी, तो लोगों की भीड़ आएगी और नियमों का पालन नहीं होगा।

**-मगन जैन,** कपड़ा व्यवसायी

### सब्जी मंडी के लिए एकमात्र फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड ही क्यों?

जिले में संक्रमण की दर में कमी आने के बाद प्रशासन द्वारा सब्जी और फल की फुटकर दुकानों के लिए फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड को अस्थायी सब्जी मंडी बनाया जा रहा है। शहर में इसके अलावा भी कई मैदान है। जिस पर सब्जी और फल की दुकानें लगाई जा सकती है लेकिन शहर के एकमात्र खेल मैदान फारेस्टर प्लेग्राउण्ड को ही फुटकर दुकानों के लिए चुना जाता है, यह समझ के परे है। इससे ग्राउण्ड की दुर्दशा होगी। प्रशासन को अन्य विकल्पों पर भी विचार करना चाहिए। खिलाड़ियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन को विचार करना चाहिए।

**-अंतिम गुप्ता, नागरिक**

### बाजारों में गंभीरता से कराया जाए नियमों का पालन

बाजार में कई ट्रेड ऐसे हैं, जहां बड़ी संख्या में ग्राहक एकत्रित होते हैं। संक्रमण का खतरा इन्हीं जगहों पर ज्यादा रहेगा, इसलिए अनलॉक के दौरान यह जरुरी होगा कि इन ट्रेड को लेकर सतर्कता अधिक बरती जाए। किराना, रेडीमेड गारमेंट, अनाज की दुकान के अलावा चाय-नाश्ते वाली जगहों पर प्रशासन को ज्यादा ध्यान देना होगा। यहां गाइडलाइन का गम्भीरता से पालन करवाया जाता है तो संक्रमण की रोकथाम हो सकती है। इन ट्रेड के व्यापारियों द्वारा भी संक्रमण को रोकने की दिशा में योजना बनाई जा रही है। वे खुद तो प्रोटोकॉल का पालन कराएंगे, जिला प्रशासन से भी उनकी कुछ उम्मीदें हैं।

**-बिहारी बालानी, व्यवसायी**

### पंजाब और गुजरात की तर्ज पर खुले बाजार

कोराना संक्रमण में कमी आने के बाद राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा अनलॉक के लिए सुझाव मांगे गए हैं। प्रशासन को इन सुझावों पर अमल भी करना चाहिए। व्यापारियों की राय यह है कि जिस तरह गुजरात, पंजाब और अन्य राज्यों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक दुकानों को खोलने की अनुमति दी गई है, ठीक उसी तरह कटनी जिले में भी प्रशासन को इस पैटर्न का पालन करते हुए बाजार खोलना चहिए। इससे व्यापारियों के साथ ही लोगों को भी परेशानी नहीं होगी।

**-मुरली गोदवानी,** थोक कपड़ा व्यवसायी

### दुकानदारों की परेशानियों को ध्यान में रखे प्रशासन

जिले में कोरोना संक्रमण बढ़ने के बाद 9 अप्रैल से लॉकडाउन लागू किया गया है। इस दौरान शहर में अत्यावश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी दुकानें पिछले करीब डेढ़ महीने से बंद है। दुकानों का किराया, कर्मचारियों का वेतन, बिजली बिल, टैक्स सहित अन्य खर्चों को प्रबंध करने में दुकानदारों को खासी मशक्कत का सामना करना पड़ेगा, इसलिए प्रशासन को इन सभी बिन्दुओं पर विचार करना चाहिए। ऐसा निर्णय किया जाए, जिससे व्यापारियों को परेशानी न हो और नियमों का भी पालन हो।

**-मुरली बजाज,** व्यवसायी

### ऑड/इवन फार्मूले का हो सकता है इस्तेमाल

लॉकडाउन के दौरान शहर में बेवजह घूमने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही की जा रही है। क्या चालानी कार्यवाही से लोग घरों से निकलना बंद कर देंगे। कुछ लोगों की वजह से उन लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जो जरूरी कामों से घर से निकलते हैं। चैकिंग के दौरान लोगों की परेशानियों का भी पुलिस को ध्यान में रखना चाहिए। पिछले करीब डेढ़ साल से कोरोना संक्रमण की वजह से हर वर्ग परेशान है। ऐसे में लोगों की परेशानियों का पुलिस और प्रशासन को समझना चाहिए।

**-संजय खूबचंदानी,** नई बस्ती

### दुकानदारों, ग्राहकों को करना होगा नियमों का पालन

किराना की दुकानों में अभी होम डिलेवरी चल रही है लेकिन हर तबका इसका लाभ नहीं ले पाता। ऐसे में इन जगहों पर भीड़ ज्यादा बढ़ेगी। कोरोना कर्फ्यू लंबा चलने से लोगों के घरों में अनाज का स्टॉक भी कम हो गया है। ऐसे में इन ट्रेड के लोगों को खुद अपनी गाइडलाइन बनानी होगी और इसका पालन करना होगा। ग्राहक यदि मास्क नहीं लाते हैं तो उन्हें डिस्पोजल मास्क दिया जाएगा। प्रशासन से अपेक्षा है कि अनलॉक के दौरान व्यापारिक संगठन का सहयोग लें। हर व्यापारिक क्षेत्र में प्रशासन और व्यापारिक संघों की एक समिति बनाई जाए।

**-संजय गुप्ता,** व्यापारी



## महंगा गुटखा बेचने पर की थी दुकान में लूटपाट

### कुठला पुलिस ने बड़ेरा मोड़ की वारदात से उठाया पर्दा

**2 गिरफ्तार, 2 फरार, नगदी, मोबाइल व साउंड सिस्टम बरामद**

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत हाइवे के बड़ेरा मोड़ स्थित एक दुकान में हुई लूट के मामले का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि रात के समय दुकान से राजश्री गुटखा लेने के लिए गए थे। दुकान संचालक युवक 15 रुपए में राजश्री दे रहा था। इसी बात को लेकर युवक से मारपीट की गई और दुकान में घुसकर नगद रुपए और साउंड सिस्टम लूट कर फरार हो गए थे। इस मामले में दो आरोपी फरार हैं। जिनकी तलाश के लिए पुलिस टीम उनके संभावित ठिकानों में दबिश दे रही है। गौरतलब है कि ग्राम पठरा निवासी शुभम साहू 20 मई की रात बड़ेरा मोड़ स्थित अपनी दुकान की तकवारी करने के लिए गया था। रात करीब साढ़े 11 बजे वह दुकान से टॉयलेट करने के लिए निकला। दुकान वापस जाते समय एक युवक वहां पर आया और पान मसाला गुटखा मांगने लगा। जिस पर उसने कहा कि गुटखा नहीं है। तभी तीन युवक और आ गए। सभी चेहरे पर नकाब लगाए हुए थे। चारों युवक उसके साथ मारपीट करने लगे और दुकान के अंदर लेकर चले गए। एक युवक ने उस पर कट्टा अड़ा लिया। दुकान में रखे लगभग साढ़े 9 हजार रुपए और दो साउंड सिस्टम सहित उसका मोबाइल लूट कर चंपत हो गए। मामले की विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पन्ना रोड की ओर से इन्द्रानगर क्षेत्र में मोहित पटेल अपने तीन साथियों के साथ रात करीब साढ़े 12 बजे एक बड़ा कार्टून लेकर बाइक से आते हुए देखा गया। जिसके बाद पुलिस टीम ने मोहित पटेल को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान मोहित ने बताया कि वह अपने तीन साथी रवि निषाद, संजय सेन, गुड्डू गौड़ के साथ बाइक से झुकेही से वापस आते समय बड़ेरा मोड़ पर एक दुकान खुली होने पर वहां पर राजश्री लेने के लिए रुके थे। दुकान संचालक युवक एक राजश्री 15 रुपए दे रहा था। इसी बात पर चारों ने मिलकर युवक से मारपीट की और दुकान में रखे नगद रुपए और साउंड सिस्टम सहित उसका मोबाइल लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में मोहित पटेल के साथी संजय सेन को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने साउंड सिस्टम, मोबाइल और साढ़े तीन हजार रुपए बरामद कर लिए हैं। वहीं इस मामले में रवि निषाद व गुड्डू गौड़ फरार हैं। जिनकी तलाश जारी है।

#### इनकी रही सराहनीय भूमिका

एसपी मयंक अवस्थी, एएसपी संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश व सीएसपी शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में मामले का पर्दाफाश करने में कुठला टीआई विपिन सिंह, उपुअ अमन मिश्रा, माधवनगर टीआई संजय दुबे, एसआई प्रियंका राजपूत, सिद्धार्थ राय, सायबर सेल एसआई नीरज दुबे, प्रधान आरक्षक अविनाश मिश्रा, संदीप बालमीक, नरेन्द्र पटेल, आरक्षक राकेश त्रिपाठी, प्रशांत विश्वकर्मा, अनमोल, मोहन मण्डलोई, शिवप्रकाश तिवारी व दिनेशचन्द्र सेन की भूमिका रही। एसपी ने पुलिस टीम को पुरूस्कृत करने की घोषणा की है।

## अनलॉक के पहले बड़ी राहत, 634 सेम्पल की रिपोर्ट में 1 पॉजिटिव केस, 57 मरीज डिस्चार्ज

### 0.15 प्रतिशत पर आई संक्रमण की दर, एक मौत दर्ज

**कटनी।** आगामी 1 जून से संभावित अनलॉक के पहले कटनी जिले में कोरोना संक्रमण से बड़ी राहत मिली है। आज जिले में 634 सेम्पल की रिपोर्ट में मात्र एक पॉजिटिव केस दर्ज किया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ समीर सिंघई ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 मई को रैपिड एंटीजन टेस्ट की 396 सेम्पल की रिपोर्ट में राजीव गांधी वार्ड निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है जबकि सुप्राटेक अहमदाबाद की इंदौर लेब से मिली 27 मई की 238 सेम्पल (आरटी-पीसीआर) की रिपोर्ट में एक भी पॉजिटिव केस नहीं आया है। इस तरह जिले में आज संक्रमण की दर 0.15 प्रतिशत हो गई है। स्वस्थ्य विभाग के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक पिछले 24 घण्टे में 57 मरीजों ने कोरोना संक्रमण को मात दी है। अब जिले में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 9341 हो गई है, इसमें से 9098 मरीज डिस्चार्ज किये जा चुके हैं। बुलेटिन में एक मौत भी दर्ज की गई है। इस तरह जिले में मौतों का आंकड़ा 107 हो गया है। जिले में एक्टिव केस अब 136 हैं। जिसमे से 24 मरीज जिला अस्पताल में, 14 मरीज निजी अस्पताल में और 98 मरीज होम आइसोलेशन में उपचाररत हैं।

#### स्वास्थ्य विभाग का हेल्थ बुलेटिन

| | |
|---|---|
| 24 घंटे में पॉजीटिव केस - | 01 |
| अब तक कुल पॉजीटिव केस - | 9341 |
| 24 घंटे में ठीक हुए मरीज - | 57 |
| अब तक कुल ठीक हुए मरीज - | 9098 |
| पिछले 24 घंटे में मौतें | 01 |
| अब तक मौतें - | 107 |
| जिले में एक्टिव केस - | 136 |
| अब तक कुल सैम्पलिंग - | 111528 |






नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावक : ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूत : ।।

### शोक संदेश



असीम दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे अग्रज

**श्री प्रकाश चंद अग्रवाल जी (राजा भैया)**

का आकस्मिक निधन दिनांक 14 मई को हो गया है, विधि का यही विधान है। उनकी दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु पारिवारिक सदस्यो के बीच

**देवदर्शन एवं पगड़ी रस्म**

**30 मई 2021** दिन रविवार, सायं 4:30 बजे निज निवास स्थान रामेश्वरपुरम एस्सार पेट्रोलपंप के आगे, कटनी में सम्पन्न होगी ।

**शोकाकुल परिवार**

रेनू अग्रवाल (धर्मपत्नि)
डॉ. नीरजा- डॉ.डी.पी.गोयल (बहन-बहनोई जी)
डॉ. प्रदीप-लक्ष्मी, मुरली मनोहर-रजनी एवं मोहन कुमार-साधना (भाई-बहु)
रचना-रामसिंघल (पुत्री-दामाद जी)
आदित्य-प्रीती एवं हर्ष-नम्रता (पुत्र-वधु)

डॉ.अनुराग-डॉ.साक्षी (भतीजा-बहु)
डॉ.कंचन-डॉ.रितेश, प्रियंका-वरूण, प्रीति-जलज एवं अरूणिमा-पंकिल (भतीजी-दामाद जी)
डॉ.कनिका (भतीजी)
डॉ प्रवीण-डॉ अनु, प्रशांत-साक्षी एवं प्रफुल-आयुषी (भांजे)

श्रेयश, आर्या, सियोना, इष्टी, अथर्व, रेयांश, अनायशा, अमोघ, गतिक (नाती-पोते)

देवपद लाइम इण्डस्ट्रीज, हर्ष पेट्रोल्यूब्स , श्रेयश पेट्रोल्यूब्स (कटनी)
देवपद एडवांस आर्थो एंड मेटरनिटी क्लीनिक (प्रयाग राज)
94251-54123, 94258-01997

विशेष- कोरोना की वर्तमान परिस्थिति को देखते हुये सभी स्नेही मित्रों से विनम्र अनुरोध है कि अपनी सहानुभूति एवं श्रृद्धांजली अपने निज स्थान से ही देवे।


**श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध **डॉ.बलदेव सिंह**
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध **डॉ. गगन सोनी**
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB — कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV — पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM. — मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM. — हृदय रोग विशेषज्ञ महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24/7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग — हेल्पलाईन नं.8982275111 — उपलब्ध सुविधायें
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

भर्ती मरीजों के लिए नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध








स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)